| | |
|---|---|
| तंग आना | घबरा जाना। थक जाना। परेशान होना। |
| तंग करना | सताना। दुःख देना। हैरान करना। |
| तंग होना | घबरा जाना। थक जाना। |
| तंदूर फांकना | माड़ फांकना। निकृष्ट काम करना। |
| तक़दीर आज़माना | भाग्य के भरोसे कोई काम करना। |
| तक़दीर ऊंची जगह लड़ना | अमीर घर में शादी होना। |
| तक़दीर का खेल | भाग्य के करिश्मे। |
| तक़दीर का धनी | भाग्यवान। |
| तक़दीर जागना | भाग्य का उदय होना। |
| तक़दीर फूटना | क़िस्मत ख़राब होना। |
| तकल्लुफ का | बहुत अच्छा। बढ़िया। सजा हुआ। |
| (किसी के) तकले से बल निकालना | सारी शेख़ी या पाजीपन दूर करना। अच्छी तरह दुरुस्त या ठीक करना। |
| तख़्त का तख़्ता हो जाना | बरबाद हो जाना। |
| तख़्ता उलट जाना | बरबाद हो जाना। नष्ट भ्रष्ट हो जाना। |
| तख़्ता उलटना | किसी प्रबन्ध को नष्ट भ्रष्ट करना। बना बनाया काम बिगाड़ना। |
| तख़्ता हो जाना | ऐंठ या अकड़ जाना। तख़्ते की तरह जड़ हो जाना। |
| तख़्ते के तख़्ते स्याह करना | बहुत लिखना। |
| तड़ातड़ जवाब देना | निःसंकोच होकर, बेधड़क जवाब देना। |
| तड़ातड़ पड़ना | लगातार मार पड़ना। |
| तवा तवा | जो बात बात पर लड़े। लड़ाका। झगड़ालू। |
| तन कसना | तपस्या, कष्ट, सहन आदि के द्वारा अपने आप को सहनशील बनाना। |

| | |
|---|---|
| तन को लगना | हृदय पर प्रभाव पड़ना। जी में बैठना। (खाद्य पदार्थ का) शरीर को पुष्ट करना। मन में पूरी चिन्ता या ध्यान होना। |
| तन गारना | शरीर गलाना। शरीर को कष्ट देना। तप करना। उ०- |
| तन तोड़ना | अंगड़ाई लेना। |
| तन देना | ध्यान देना। मन लगाना। |
| तन बदन की सुध न रहना | बेचेत रहना। बेहोश रहना। किसी ध्यान में इतना लीन होना कि किसी बात की खबर न रहे। |
| तन मन मारना | इन्द्रियों को वश में रखना। इच्छाओं पर अधिकार रखना। आत्मनिग्रह करना। |
| तपन का महीना | वह महीना जिसमें गरमी खूब पड़ती हो। |
| तपाक बदलना | नाराज होना। बिगड़ जाना। तेवर बदलना। |
| तपौनी का गुड़ | तपौनी की पूजा के प्रसाद का गुड़ जो किसी नये आदमी को पहले पहल अपनी मंडली में मिलाने के समय ठग लोग खिलाते हैं। किसी नये आदमी को अपनी मंडली में मिलाने के समय किया जाने वाला काम या दिया जाने वाला पदार्थ। |
| तबका उलट जाना | तबाह हो जाना। |
| तबला उतरना | तबले की बद्धी का ढीला पड़ जाना जिसके कारण तबले में से धीमा या मंद स्वर निकलने लगे। |
| तबला उतारना | तबले की बद्धी को ढीला करके या और किसी प्रकार पूरी पर का तनाव कम कर देना जिससे तबले में से धीमा या मंद स्वर निकलने लगे। |
| तबला खनकना | तबला बजना। नाच रंग होना। |
| तबला ठनकना | तबला बजना। नाच रंग होना। नाच गाना होना। |

| | |
|---|---|
| तबाही खाना | जहाज का टूट फूट कर रद्दी होना। |
| तबाही पड़ना | जहाज का काम के मुहताज रहना। जहाज को काम न मिलना। |
| तबीयत आना (किसी से) | प्रेम होना। (किसी चीज को) लेने की इच्छा होना। |
| तबीयत उखड़ना | किसी की ओर से उदासीनता होना। विरक्ति होना। अरुचि होना। |
| तबीयत उलझना | जी घबराना। |
| तबीयत खोंचना | मन मोहित होना। प्रेम न रहना। |
| तबीयत ढीली होना | तबीयत ठीक न होना। |
| तबीयत पर जोर डालना | विशेष ध्यान देना। |
| तबीयत फड़क उठना | चित्त का उत्साहपूर्ण और प्रसन्न हो जाना। उमंग के कारण बहुत प्रसन्न होना। |
| तबीयत फड़क जाना | चित्त का उत्साहपूर्ण और प्रसन्न हो जाना। उमंग के कारण बहुत प्रसन्न होना। |
| तबीयत फिरना | जी हटना। अनुराग न रहना। |
| तबीयत बिगड़ना | स्वास्थ्य बिगड़ना। जी मिचलाना। |
| तबीयत भरना | सन्तोष होना। सन्तोष करना। मन मन भरना। अनुराग या इच्छा न रहना। |
| तबीयत लगना | मन में अनुराग उत्पन्न होना। ध्यान लगा रहना। |
| तबीयत लगाना | चित्त को किसी काम में प्रवृत्त करना। प्रेम करना। |
| तबीयत लड़ाना | विशेष ध्यान देना। |
| तबीयत होना | अनुराग या प्रवृत्ति होना। जी चाहना। |
| तबेले में लत्ती चलना | आपस में लड़ाई झगड़ा होना। |
| तमाकू चढ़ाना | तमाकू को चिलम पर रखकर और उस पर आग या टिकिया रख कर उसे पीने के लिए तैयार करना। |

| | |
|---|---|
| तमाकू पीना | तमाकू का धुआं खींचना। |
| तमाकू भरना | तमाकू को चिलम पर रखकर और उस पर आग या टिकिया रख कर उसे पीने के लिए तैयार करना। |
| तमाम होना | पूरा होना। समाप्त होना। मर जाना। |
| तमाशे की बात | आश्चर्य भरी और अनोखी बात। |
| तय पाना | निश्चित होना। ठहरना। |
| तरतीब देना | क्रम से रखना या लगाना। सजाना। |
| तरद्दुद में पड़ना | चिन्ता में पड़ना। |
| तरस खाना | दयार्द्र होना। दया करना। |
| तरह उड़ाना | ढंग की नकल करना। |
| तरह देना | ख्याल न करना। बचा जाना। विरोध या प्रतिकार न करना। क्षमा करना। जाने देना। उ०- इन तरह तें तरह दिए बनि आवे साई। (गिरिधर) टालटूल करना। ध्यान न देना। पूर्ति के लिए समस्या देना। जान-बूझकर उपेक्षा करना। |
| तराजू हो जाना | तीर को निशाने के इस प्रकार आर-पार घुसाना (घुसना) कि उसका आधा भाग एक ओर और आधा भाग दूसरी ओर निकला रहे। दो सैनिक दलों का इस प्रकार ठीक ठीक बराबर होना कि एक दूसरे को परास्त न कर सके। |
| तरारा भरना | जल्दी जल्दी काम करना। शीघ्रता से काम करना। |
| तरारा मारना | डींग हांकना। बढ़ बढ़ कर बातें करना। |
| तरे बैठना | पति बनाना। |
| तले करना | नीचे दबा लेना। छिपा लेना। |
| तलब करना | मांगना। मंगाना। बुला भेजना। बुलाना। |
| तलवा खुजलाना | तलवे में खुजली होना जिससे यात्रा का शकुन समझा जाता है। |

| | |
|---|---|
| तलवा न टिकना | पैर न टिकना। जमकर बैठा न रहा जाना। आसन न जमना। एक जगह कुछ देर बैठे न रहा जाना। |
| तलवार करना | तलवार का वार करना। तलवार चलाना। |
| तलवार कसाना | तलवार फुकाना। |
| तलवार का खेत | लड़ाई का मैदान। युद्धक्षेत्र। |
| तलवार का ढार = तलवार में वह स्थान जहाँ से उसका टेढ़ापन आरम्भ होता है। | |
| तलवार का पानी = तलवार की आभा या चमक। | |
| तलवार का बल | तलवार का टेढ़ापन। |
| तलवार का मुंह | तलवार की धार। |
| तलवार का हाथ | तलवार चलाने का ढंग। तलवार का वार। खंग का आघात। |
| तलवार की आंच | तलवार की चोट का सामना। |
| तलवार के घाट उतारना | तलवार से मार डालना। |
| तलवारों की छांह में | ऐसे स्थान में जहां अपने ऊपर चारों ओर तलवार ही तलवार दिखाई देती हो। रणक्षेत्र में। |
| तलवार खींच लेना | लड़ने के लिए म्यान से तलवार निकाल लेना। |
| तलवार जड़ना | तलवार मारना। तलवार से आघात करना। |
| तलवार तौलना | तलवार को हाथ में लेकर अन्दाजना, जिससे वार भरपूर बैठे। तलवार सम्भालना। |
| तलवार पर हाथ रखना | तलवार निकालने के लिए तैयार होना। तलवार की शपथ खाना। |
| तलवार बांधना | तलवार को कमर में लटकाना। तलवार साथ में रखना। |
| तलवार सौंतना | वार करने के लिए म्यान से तलवार निकालना। |
| तलवे चाटना | अत्यधिक खुशामद करना। अत्यन्त सेवा शुश्रुषा में लगा रहना। |
| तलवे छलनी हो जाना | चलते चलते पैर घिस जाना। चलते चलते शिथिल हो जाना। बहुत दौड़ धूप की नौबत आना। |

| | |
|---|---|
| तलवे तले आँखें मलना | अत्यन्त दीनता प्रकट करना। अत्यधिक अधीनता दिखाना। अत्यन्त प्रेम प्रकट करना। |
| तलवे धो धोकर पीना | अत्यन्त सेवा शुश्रुषा करना। अत्यन्त श्रद्धा भक्ति प्रकट करना। अत्यन्त प्रेम प्रकट करना। |
| तलवे सहलाना | अत्यन्त सेवा शुश्रुषा करना। अत्यधिक खुशामद करना। |
| तलवों तले पीटना | कुचल कर नष्ट करना। रौंद डालना। |
| तलवों से आँखें मलना | अत्यन्त दीनता प्रकट करना। अत्यधिक अधीनता दिखाना। अत्यन्त प्रेम प्रकट करना। कुचल कर नष्ट करना। |
| तलवों से आग लगना | अत्यन्त क्रोध होना। रिस से भर उठना। |
| तलवों से मलना | पैर से कुचलना। रौंदना। कुचल कर नष्ट करना। |
| तलवों से लगना | क्रोध चढ़ना। बुरा लगना। अत्यन्त अप्रिय लगना। क्रुद्ध होना। चिढ़ होना। |
| तलाब जाना | शौच जाना। |
| तलाशी देना | तलाशी ले घर बार आदि ढूंढने देना। |
| तलाशी लेना | गुम वस्तु को निकालने के लिए सन्देहास्पद व्यक्ति के घर की तलाशी लेना। |
| तले ऊपर | एक के ऊपर दूसरा। उलट पलट किया हुआ। |
| तले ऊपर के | आगे पीछे के। ऐसे दो जिनमें से एक दूसरे के उपरांत हुआ हो। |
| तले ऊपर होना | उलट पलट हो जाना। संयोग में प्रवृत्त होना। |
| तले की दुनिया ऊपर होना | भारी उलट फेर हो जाना। जो चाहे सो हो जाना। महान परिवर्तन होना। |
| तले की सांस तले और ऊपर की सांस ऊपर रह जाना | ठक रह जाना। स्तब्ध रह जाना। कुछ कहते सुनते या करते धरते न बन पड़ना। भौचक्का रह जाना। हक्का-बक्का रह जाना। चकित रह जाना। |
| तले बच्चा होना | साथ में थोड़े दिनों का बच्चा होना। |

| | |
|---|---|
| तवा सा मुंह | कालिख लगे हुए तवे की तरह काला मुंह। |
| तवा सिर से बांधना | सिर पर प्रहार सहने के लिए तैयार होना। अपने को खूब दृढ़ और सुरक्षित करना। |
| तवे का हंसना | तवे के नीचे जमे हुए कालिख का बहुत जलते जलते लाल हो जाना जिससे घर में विवाद होने का अपशकुन समझा जाता है। |
| तवे की बूंद | क्षणिक। देर तक न टिकनेवाला। नश्वर। जो कुछ भी न मालूम हो। जिससे कुछ भी तृप्ति न हो। बहुत थोड़ा |
| तशरीफ रखना | विराजना। बैठना। |
| तशरीफ लाना | पदार्पण करना। पधारना। आना। |
| तशरीफ ले जाना | प्रस्थान करना। चला जाना। |
| तसबीह फेरना | ईश्वर का नाम या उच्चारण करते हुए माला फेरना |
| तसमा खींचना | एक विशेष रूप से गले में फंदा डालकर मारना। गला घोंटना। |
| तसमा लगा न रखना | गरदन साफ उड़ा देना। साफ दो टुकड़े करना। |
| तसल्ली दिलाना | तसल्ली देना। धैर्य धारण कराना। |
| तसवीर उतारना | चित्र बनाना। |
| तसवीर निकालना | चित्र बनाना। |
| तह करना | चौपरत करना। |
| तह का सच्चा | वह कबूतर जो बराबर अपने अड्डे पर चला आवे, अपना स्थान न भूले। |
| तह की बात | छिपी हुई बात। गुप्त रहस्य। गहरी बात। |
| तह को पहुंचना | यथार्थ रहस्य जान लेना। असली बात समझ लेना। |
| तह कर रखो | लिये रहो। मत निकालो या दो। रहने दो। नहीं चाहिए। |
| तह जमाना | परत के ऊपर परत दबाना। भोजन पर भोजन किये जाना। |

| | |
|---|---|
| तह तक पहुंचना | किसी बात के गुप्त अभिप्राय का पता पाना।यथार्थ रहस्य जान लेना।वास्तविक बात जान लेना। |
| तह तोड़ना | झगड़ा निपटाना।समाप्ति को पहुंचाना।कुछ बाकी न रखना।कुंए का सब पानी निकाल देना जिससे जमीन दिखाई देने लगे। |
| तह देना | हल्की परत चढ़ाना।थोड़ी मोटाई में फैलाना या बिछाना।हल्का रंग चढ़ाना।चित्र बनाने में जमीन देना।आधार देना। |
| तह बैठाना | पर के ऊपर परत दबाना।भोजन पर भोजन किये जाना। |
| तह मिलाना | जोड़ा लगाना।नर और मादा एक साथ करना। |
| तह लगाना | चौपरत करके समेटना। |
| तहकीकात आना | किसी घटना या मामले के सम्बन्ध में पुलिस के अधिकारी का पता लगाने के लिए आना। |
| तांत सा | बहुत दुबला पतला। |
| तांतड़ी सा | तांत की तरह दुबला पतला। |
| तांता लगना | एक के बाद एक लगातार आता या होता चलना।तार न टूटना। |
| ताक पर धरना | काम में न लाना। |
| ताक पर रखना | पड़ा रहने देना।काम में न लाना।उपयोग न करना।अनावश्यक या व्यर्थ समझकर अलग रखना। |
| ताक पर रहना | पड़ा रहना।काम में न आना।अलग पड़ा रहना।व्यर्थ जाना। |
| ताक बांधना | दृष्टि स्थिर करना।टकटकी लगाना। |
| ताक भरना | देवस्थान पर मनौती चढ़ाना। |
| ताक में रहना | उपयुक्त अवसर की प्रतीक्षा करते रहना।मौका देखते रहना। |

| | |
|---|---|
| ताक रखना | निगाह रखना। निरीक्षण करते रहना। घात में रहना। मौका देखते रहना। |
| ताक लगाना | मौका देखना। घात में रहना। |
| ताग डालना | वर के बड़े भाई का वधू को तागपाट पहनाना। |
| ताग पाट डालना | विवाह की रीति के अनुसार गणेश पूजन आदि के पीछे वर के बड़े भाई का वधू को ताग पाट पहनाना। |
| तागा डालना | तागना। सिलाई के द्वारा तागा फंसाना। दूर दूर पर सिलाई करना। |
| ताजा करना | नये सिरे से उठाना। फिर से छेड़ना या चलाना। फिर से उपस्थित करना। स्मरण दिलाना। याद दिलाना। फिर से चित्त में लाना। |
| ताजा होना | नये सिरे से उठना। फिर छिड़ना या चलना। फिर उपस्थित होना। स्मरण आना। फिर चित्त में उपस्थित होना। |
| ताज़िया ठंढा करना | ताजिया दफन करना। |
| ताज़िया ठंढा होना | ताज़िये का दफनाया जाना। किसी बड़े आदमी का मर जाना। |
| तातील मनाना | छुट्टी के दिन विश्राम लेना, आमोद-प्रमोद करना। |
| तान उड़ाना | गीत गाना। अलापना। तान लेते हुए गीत गाना। |
| तान कर | बलपूर्वक। जोर से। |
| तानकर सोना (निश्चिंत रहना।) | निश्चिन्त होकर सोना। आराम से सोना। |
| तान की जान | सारांश। खुलासा। सौतबात की एक बात। |
| तान तोड़ना | लय को खींचकर झटके के साथ समय पर विराम देना। किसी को लक्ष्य करके खेद या क्रोध सूचक बात कहना। आक्षेप करना। बौछार छोड़ना। |
| तान भरना | गाने में लय के साथ सुरों को खींचना। अलापना। |
| तान मारना | गाने में लय के साथ सुरों को खींचना। अलापना। |

| | |
|---|---|
| तान लड़ाना | गीत गाना। अलापना। तान लेते हुए गीत गाना। |
| ताना पाई करना | बार बार इधर उधर आना जाना। |
| ताना बाना करना | व्यर्थ इधर से उधर आना जाना। फेरी फेरी करना। |
| ताना मारना | चुटीली बात कहना। |
| तार जमना | कार्य सिद्धि का सुबीता होना। |
| तार ढीले पड़ना | शिथिलता आना। |
| तार तार करना | किसी बुनी बटी हुई वस्तु की धज्जियां अलग अलग करना। नोच कर सूत सूत अलग करना। उ०- तार तार कीन्ही फारि सारी जरतारी की। दिनेस । |
| तार तार होना | ऐसा फटना कि धज्जियां अलग अलग हो जायं। बहुत ही फट जाना। |
| तार दबकना | गोटे के लिए तार को पीटकर चिपटा और चौड़ा करना। |
| तार ब तार | छिन्न भिन्न। अस्त व्यस्त। बे सिलसिला। |
| तार बंधना | किसी क्रम का बराबर चला चलना। किसी बात का बराबर होते जाना। सिलसिला जारी होना। ब्योंत होना। कार्य सिद्धि का सुबीता होना। |
| तार बांधना | (किसी बात को) बराबर करते जाना। सिलसिला जारी करना। |
| तार बैठना | ब्योंत होना। कार्य सिद्धि का सुबीता होना। |
| तार लगना | कार्य सिद्धि का सुबीता होना। |
| तार लगाना | (किसी बात को) बराबर करते जाना। |
| तारा टूटना | उल्कापात होना। |
| तारा डूबना | किसी नक्षत्र का अस्त होना। शुक्र का अस्त होना। |
| तारा सी आंखें हो जाना | ललाई, सूजन, कीचड़ आदि दूर होने के कारण आंख का स्वच्छ हो जाना। |

| | |
|---|---|
| तारा हो जाना | बहुत ऊंचे पर हो जाना। इतनी ऊंचाई पर पहुंच जाना कि तारे की तरह छोटा दिखाई दे। इतनी दूर हो जाना कि छोटा दिखाई पड़े। बहुत दूरी पर हो जाना। |
| तारीख़ टलना | नियत दिनांक का और बढ़ जाना। |
| तारीख़ डालना | तिथि, वार आदि लिखना। दिनांक नियत करना। दिन नियत करना। |
| तारीख़ पड़ना | दिन नियत होना। दिनांक नियत होना। |
| तारीफ़ करना | परिचय बताना। |
| तारीफ़ के पुल बांधना | अत्यधिक प्रशंसा करना। |
| तारे खिलना | तारों का चमकते हुए निकलना। तारों का दिखाई देना। |
| तारे गिनना | चिन्ता या आसरे में बेचैनी से रात काटना। दुःख से किसी प्रकार रात बिताना। |
| तारे छिटकना | तारों का दिखाई पड़ना। आकाश स्वच्छ होना और तारों का दिखाई पड़ना। |
| तारे तोड़ लाना | कोई बहुत ही कठिन या चालाकी का काम करना। |
| तारे दिखाई दे जाना | कमजोरी या दुर्बलता के कारण आंखों के सामने झिलमिलाहट दिखाई पड़ना। |
| तारे दिखाई दे जाना | प्रसूता स्त्री को छठी के दिन आकाश की ओर इसलिए तकाना जिससे जिन, भूत आदि का डर न रह जाय। (मुसलमान स्त्रियों में रीति है) |
| तारों की छांह | बड़े सबेरे। तड़के, जब कि तारों का धुंधला प्रकाश रहे। |
| ताल ठोंकना | लड़ने के लिए ललकारना। |
| ताल बेताल | जिसका ताल ठिकाने से न हो। अवसर या बिना अवसर के। मौके बे मौके। |
| ताल मेल खाना | ठीक ठीक संयोग होना। प्रकृति आदि का मेल खाना। विधि मिलना। मेल मिलना। |
| ताल मेल बैठना | ठीक ठीक संयोग होना। मेल मिलना। |

| | |
|---|---|
| ताउ से बेताउ होना | ताल के नियमक के बाहर हो जाना। उखड़ जाना। (गाने में)। |
| ताला जकड़ना | ताला लगाकर बन्द करना। |
| ताला तोड़ना | किसी दूसरे की वस्तु को चुराने या लूटने के लिए उसके घर, सन्दूक आदि में लगे हुए ताले को तोड़ना। चोरी करना। |
| ताला मेड़ना | ताला लगाना। |
| ताली पीटना | हंसी उड़ाना। उपहास करना। |
| ताली बज जाना | उपहास होना। निरादर होना। |
| ताली बजाना | हंसी उड़ाना। उपहास करना। |
| तालू उठाना | तुरन्त के जनमे हुए बच्चे के तालू को दबाकर ठीक करना। |
| तालू चटकना | सिर में अत्यधिक गरमी जान पड़ना। प्यास से गला सूखना। |
| तालू में दांत जमना | अदृष्ट आना। बुरे दिन आना। दुर्दशा या विनाश के दिन निकट होना। |
| तालू से जीभ न लगना | चुपचाप न रहा जाना। बोलते जाना। |
| ताले में बन्द रखना | सन्दूक में बन्द रखना। |
| (किसी वस्तु के) ताव आना | जितना चाहिए उतना गरम हो जाना। यथेच्छ गरमी पहुंचना। |
| ताव खा जाना | पकायी जाती हुई वस्तु का अधिक गरम हो जाना। या जल जाना। लू लग जाना। |
| ताव खाना | आंच पर गरम होना। |
| ताव चढ़ना | प्रबल इच्छा होना। ऐसी इच्छा होना कि कोई बात चटपट हो जाय। कामोद्दीप्त होना। |
| ताव दिखाना | अभिमान मिला हुआ क्रोध प्रकट करना। आंख दिखाना। बड़प्पन दिखाते हुए बिगड़ना। ऐसी ऐंठ या क्रोध दिखाना जिससे लड़ाई-झगड़ा हो सके। |

| | |
|---|---|
| ताव देखना | आंच का अन्दाज देखना। |
| ताव देना | आंच पर रखना। गरम करना। आग में लाल करना। तपाना। |
| ताव पर | जब इच्छा या आवश्यकता हो उसी समय। मौके पर। |
| ताव बिगड़ना | कम या अधिक गरम हो जाना। |
| ताव में आना | अभिमान मिले हुए क्रोध के आवेग में होना। अहंकार मिश्रित क्रोध के वश में होना। |
| तावीज़ बांधना | रक्षा के लिए देवता का मंत्र आदि लिखकर बांधना। कवच बांधना। |
| तिक्का बोटी करना | टुकड़े टुकड़े करना। धज्जी धज्जी करना। |
| तिड़ी करना | गायब करना। |
| तिनका तोड़ना | सम्बन्ध तोड़ना। बलाय लेना। बलैया लेना। अपने को न्योछावर करना। |
| तिनका दांतों में पकड़ना | दया की भिक्षा मांगना। |
| तिनके का सहारा | थोड़ी सी सहायता। |
| तिनके चुनना | बेसुध हो जाना। अचेत होना। पागल या बावला हो जाना। विक्षिप्त होना। |
| तिनके चुनवाना | पागल बना देना। मोहित करना। विक्षिप्त कर देना। |
| तिनके की ओट पहाड़ | छोटी सी बात में किसी बड़ी बात का छिपा रहना। छोटी सी वस्तु में बहुत बड़े रहस्य का छिपा होना। |
| तिनके को पहाड़ बनाना | छोटी बात को बड़ी कर डालना। |
| तिल का ताड़ करना | छोटी सी बात को बहुत बढ़ा देना। छोटे से मामले को बहुत बड़ा करना या दिखाना। |
| तिल का ताड़ बनाना | छोटी सी बात को बहुत बढ़ा देना। छोटे से मामले को बहुत बड़ा करना या दिखाना। |
| तिल की ओट पहाड़ | छोटी बात के अन्दर बहुत बड़ी बात होना। |

| | |
|---|---|
| तिल चाटना | मुसलमानों के यहां विवाह में विदाई के समय दुल्हे का दुलहिन के हाथ पर रखे हुए काले तिलों को चाटना। |
| तिल तिल करके | थोड़ा थोड़ा करके। |
| तिल धरने को जगह न होना | जरा सी भी जगह खाली न रहना। पूरा स्थान छिका रहना। ठसाठस भरा होना। |
| तिल भर | जरा सा। थोड़ा सा। उ०- रहा चढ़ाउब तोरब भाई। तिल भर भूमि न सकेउ छुड़ाई। तुलसी। क्षण भर। थोड़ी देर। |
| तिलक देना | तिलक के साथ धन देना। |
| तिलचावल बाल | कुछ सफेद और कुछ काले बाल। खिचड़ी बाल। |
| तिलस्म तोड़ना | किसी ऐसे स्थान के रहस्य का पता लगा लेना जहां जादू के कारण किसी की गति न हो। |
| तिलांजली देना | बिलकुल छोड़ देना या त्याग देना। सम्बन्ध तोड़ देना |
| तिलों में तेल न होना | शील-संकोच न होना। |
| तिलों से तेल निकालना | किसी से किसी प्रकार रूपया लेकर उसे उसके काम में लाना। |
| तिस पर | उसके पीछे। उसके उपरांत। इतना होने पर। ऐसी अवस्था में भी। |
| तीन तेरह करना | तितर-बितर करना। इधर उधर छितराना। अलग अलग रखना। उ०- कियो तीन तेरह सबै चौका चौका लाय। हरिश्चन्द्र। अस्त-व्यस्त करना। |
| तीन तेरह होना | नष्ट भ्रष्ट या छिन्न भिन्न होना। तितर-बितर होना छितरा जाना। |
| तीन पांच करना | इधर उधर की बात करना। घुमाव फिराव या हुज्जत की बात करना। टालमटोल करना। |
| तीर चलाना | युक्ति भिड़ाना। रंग ढंग लाना। |

तीर मारना = [illegible])

| | |
|---|---|
| तुक्का सा | वाक्यों को जोड़कर और चरणों के अन्तिम अक्षरों का मेल मिलाकर पद्य बनाना। भद्दा पद्य बनाना। भद्दी कविता करना। |
| तुरई का फूल | सीधा उठा हुआ। ऊपर उठा हुआ। |
| तुक्कों तमाम होना | हल्की या छोटी मोटी चीज की तरह जल्दी खतम या खर्च हो जानेवाला। इस प्रकार चटपट चुक जाने या खर्च हो जानेवाला कि मालूम न हो। |
| तुर्रा करना | घमण्ड जाता रहना। शेखी निकल जाना। |
| तुर्रा चढ़ाना | कोड़ा मारना। कोड़ा मारकर घोड़े को बढ़ाना। |
| तुर्रा जमाना | भांग पीना। |
| तुर्रा यह कि | भांग पीना। |
| तुक बैठाना | उस पर भी इतना और। सबके उपरान्त इतना यह भी तिस पर विशेषता यह कि। |
| तू तुकार करना | छंद के चरणों के अन्त में ऐसे शब्दों की योजना करना जिनकी तुक मिल जाय। तुकबंदी करना। |
| तू तू, मैं मैं करना | कहा सुनी करना। अशिष्ट शब्दों में विवाद करना। गाली गलौज करना। कुवाक्य कहना। अशिष्ट शब्द से सम्बोधन करना। |
| | कहा-सुनी करना। अशिष्ट शब्दों में विवाद करना। कुवाक्य कहना। अशिष्ट शब्द से सम्बोधित करना। |
| (नक्कारखाने में) तूती की आवाज | शोरगुल होते समय की धीमी आवाज जो सुनाई नहीं पड़ती। बड़ों के सामने छोटों की बात (जिसकी कदर नहीं होती)। |
| (किसी की) तूती बोलना | (किसी की) धाक जमना, खूब चलती होना। |
| तूफान उठाना | बखेड़ा मचाना। |
| तूफान खड़ा करना | बखेड़ा मचाना। |
| तूफान जोड़ना | झूठा कलंक लगाना। झूठ-मूठ दोषारोपण करना। |

तुरप लगाना = जीतने के लिए तुरप का पत्ता चलना।

| | |
|---|---|
| तूफान बनाना | झूठा कलंक लगाना। झूठ-मूठ दोषारोपण करना। |
| तूफान लाना | भारी आपत्ति खड़ी करना। आन्दोलन करना। |
| तूमार बांधना | विस्तार बढ़ाना। |
| तूर चमकना | ज्ञान का प्रकाश दिखाई देना। |
| तूल खींचना | किसी बात या कार्य का आवश्यकता से अधिक बढ़ जाना। |
| तूल देना | किसी बात को आवश्यकता से अधिक बढ़ाना। |
| तूल पकड़ना | किसी बात या कार्य का आवश्यकता से अधिक बढ़ जाना। |
| तृण गहना | हीनता प्रकट करना। गिड़गिड़ाना। उ०- दसन गहहु तृण कंठ कुठारी। रामा०। शरण में जाना। |
| तृण गहाना | नम्र करना। विनीत करना। वशीभूत करना। उ०- कहो तो ताको तृण गहाय कै जीवत पायन पारौं। सूर। दया की भीख मांगना। |
| (किसी वस्तु पर) तृण टूटना | किसी वस्तु का इतना सुन्दर होना कि देखने वाले उस पर अपने को न्योछावर कर दें। उ०- आजु की बानिक पै तृण टूटत है कहो न जाय, कछु स्याम तोहि रत। स्वा० हरिदास । |
| तृण तोड़ना | किसी सुन्दर वस्तु को देख उसे नजर से बचाने के लिए उपाय करना। उ०-(क) गांथे महामनि मौर मंजुल अंग सब चित चोरहीं। पुरनारि सुर सुन्दरी बरहिं विलोकि सब तृण तोरहीं। तुलसी । (ख) स्याम गौर सुंदर दोउ जोरी। निरखत छवि जननी तृन तोरी। तुलसी। |
| (किसी वस्तु से) तृण तोड़ना | सम्बन्ध तोड़ना। नाता तोड़ना। उ०- भुजा छुड़ाइ तोरि तृण ज्यों हित करि प्रभु निठुर हियो । सूर । |
| तृण बराबर | तिनके बराबर। अत्यन्त तुच्छ। कुछ नहीं। उ०- अइ कपि चला महा अभिमानी। तृण समान सुग्रीवहि जानी। |

| | |
|---|---|
| तृण सा तोरना | लगाव त्यागना या छोड़ना। उ०- देह गेह सब तृण सम तोरे। रामा० । |
| तेरह बाइस करना | इधर उधर की बात करना। बहाने बाजी करना। |
| तेरा तेरी सो | तेरे हित की बात। तेरे अनुकूल बात। |
| तेरी आंखों में राई नोन | ईश्वर करे, तेरी बुरी डीठ मुझे न लगे। |
| तेरी सो और | तेरे अनुकूल। |
| तेल चढ़ना | विवाह सम्बन्धी तेल की रस्म पूरी होना। उ०- तिरिया तेल हमीर हठ चढ़े न दूजी बार। |
| तेल चढ़ाना | तेल की रस्म पूरी करना। उ०- प्रथम हरहि बंदन करि मंगल गावहिं। करि कुलरीति कलस थापि तेल चढ़ावहिं । तुलसी । |
| तेली का बैल | हर समय काम में लगा रहनेवाला व्यक्ति। |
| तेवर चढ़ना | क्रोध के कारण भौंहों का तन जाना। |
| तेवर बदलना | रूष्ट हो जाना। क्रुद्ध होना। मृत्यु चिन्ह प्रकट होना। व्यवहार में क्रोध या उदासीनता प्रकट करना। |
| तेवर बिगड़ना | रूष्ट हो जाना। मृत्यु चिन्ह प्रकट होना। व्यवहार में क्रोध या उदासीनता प्रकट करना। |
| तेवर मैले होना | दृष्टि से खेद, क्रोध या उदासीनता प्रकट होना। |
| तेवरी चढ़ाना | घुड़कना। धमकाना। आंखें दिखाना। |
| तैश दिखाना | ऐसा कार्य करना जिससे कोई क्रुद्ध हो। क्रोध करना। |
| तैश में आना | बहुत क्रुद्ध होना। बहुत कुपित होना। |
| तोंद पचकना | मोटाई दूर होना। |
| तो क्या हुआ ? | तो कोई आपत्ति नहीं। तो कुछ बुराई या दोष : |
| तो फिर क्या है ? | फिर तो कुछ करने को रह ही न जायगा। तब त सब काम सिद्ध समझो। |
| तोड़ डालना | नष्ट करना। फोड़ना। |

| | |
|---|---|
| तोड़े उलटना | किसी को बहुत सा द्रव्य देना। |
| तोड़े गिनना | किसी को बहुत सा द्रव्य देना। |
| तोता पालना | किसी दोष या रोग को जान-बूझकर बढ़ाना। किसी बुराई या बीमारी से बचने का कोई प्रयत्न न करना। किसी दुर्व्यसन का आदी होना। |
| तोते की तरह आंखें फेरना | बहुत बेमुरौवत होना। पुराने सम्बन्ध को एकदम भुला देना। |
| तोते की तरह आंखें बदलना | बहुत बेमुरौवत होना। |
| तोते की तरह रटना | बिना समझे-बूझे रटना। |
| तोप की सलामी उतारना | किसी प्रसिद्ध पुरुष के आगमन पर अथवा किसी महत्वपूर्ण घटना के समय केवल बारूद भर कर शब्द करना। |
| तोप कीलना | तोप की नली में लकड़ी का कुंदा खूब कसकर ठोंक देना जिससे उसमें से गोला न चलाया जा सके। |
| तोप दम करना | प्राणदण्ड देना। |
| तोपा भरना | टांके लगाना। सीना। सीधी सिलाई करना। |
| तोबड़ा चढ़ाना | बोलने न देना। मुंह बंद करना। |
| तोबड़ा सा मुंह बनाना | रूष्ट होकर मुंह फुलाना। |
| तोबा करके (कोई बात) कहना | अभिमान छोड़कर अथवा ईश्वर से डर कर (कोई ब... कहना। |
| तोबा तिल्ला करना | रोते चिल्लाते या दीनता दिखलाते हुए रक्षा की प्रार्थना करना। |
| तोबा तिल्ला मचाना | चीखना। चिल्लाना। किसी हानि पर हाय हाय क... |
| तोबा तोड़ना | प्रतिज्ञा भंग करना। तोबा किये हुए काम को पुनः करना। |
| तोबा बुलवाना | किसी को इतना तंग या विवश करना कि उसे ... करनी पड़े। पूर्ण रूप से परास्त करना। भवि... कोई काम न करने की पक्की प्रतिज्ञा। |

| | |
|---|---|
| तोबा बोलाना | पूरे तौर से हराना। |
| तौर बेतौर होना | रंग ढंग खराब होना। लक्षण बिगड़ना। |
| त्यौरी चढ़ना | क्रोध से माथे में बल पड़ना। |
| त्यौरी चढ़ाना | भौंहें चढ़ाना। आँखें चढ़ाना। दृष्टि या आकृति से क्रो के चिन्ह प्रकट करना। |
| त्यौरी बदलना | क्रोध से माथे में बल पड़ना। |
| त्यौरी में बल डालना | त्यौरी चढ़ाना। |
| त्यौरी में बल पड़ना | त्यौरी चढ़ना। |
| त्योहार मनाना | पर्व या उत्सव के दिन आमोद-प्रमोद करना। |
| त्राहि त्राहि करना | दया या अभयदान के लिए गिड़गिड़ाना। दया या रक्षा के लिए प्रार्थना करना। उ०- दारुण तप जब कियो राजसुत तब कांप्यो सुरलोक। त्राहि त्राहि ह सों सब भाष्यो दूरि करो सब शोक। सूर। |
| त्राहि त्राहि मचना | विपदग्रस्तों के मुंह से त्राहि त्राहि की पुकार निकलना। |
| त्रेता के बीजों में मिलना | सत्यानाश होना। नष्ट होना। (एक शाप)। |